

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंगः विराट साल के आखिर में टॉप पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली इस साल का अंत टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में करेंगे जबकि अजिंक्य रहाणे आईसीसी की ताजा विश्व रैंकिंग में एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गए। कोहली के 928 रेटिंग अंक हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ से 17 अंक आगे हैं। न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (864) साल का अंत नंबर–3 के रूप में करेंगे। चेतेश्वर पुजारा (791) ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है लेकिन रहाणे सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। रहाणे की जगह पाकिस्तान के बाबर आजम ने ली है। आजम ने श्रीलंका के खिलाफ कराची में दूसरे टेस्ट मैच में नाबाद शतक और 60 रन बनाए थे तथा वह तीन पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। भारत की तरफ से शीर्ष 20 में शामिल अन्य बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (12वें) और रोहित शर्मा (15वें) शामिल हैं। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह ने छठा स्थान बरकरार रखा है। पेसर जसप्रीत बुमराह चोटिल होने के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से ही बाहर हैं।

# मेरे लिए शुरुआत नई लेकिन बल्लेबाजी करना नहीं भूला

**क्रिकेट**

### धवन रणजी ट्रॉफी मैच में हैदराबाद के खिलाफ संभालेंगे दिल्ली टीम की कमान

शिखर ने सितंबर 2018 के बाद टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उंगली में फ्रैक्चर, गर्दन में सूजन, आंख और घुटने में चोट। शिखर धवन 2019 में चोटों से जूझते रहे लेकिन भारत का सलामी बल्लेबाज नई शुरुआत के लिए तैयार है और उन्होंने बता दिया है कि वह बल्लेबाजी करना नहीं भूले हैं। हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली की कमान संभालने वाले धवन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान घुटने में लगी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। घुटने की चोट के कारण ध्वन को 25 टांके लगे थे। धवन ने भले ही भारतीय टीम में वापसी की हो लेकिन उन्हें पता है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट में लोकेश राहुल



की शानदार फॉर्म के कारण उनकी राह आसान नहीं होगी। धवन ने यहां ट्रेनिंग सत्र के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह मेरे लिए नई शुरुआत है। पहले मेरी उंगली में चोट लगी, फिर गर्दन में, आंख में और फिर घुटने पर टांके लगे। अच्छी खबर है कि नया साल आ रहा है। मुझे खुशी है कि राहुल ने इतना अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने मौके का फायदा उठाया।'

**चोट पर हाय-तौबा नहीं मचाऊंगा**

चोटों पर किसी का नियंत्रण नहीं है लेकिन धवन पर भी प्रतिकूल हालात का असर नहीं पड़ा। धवन ने कहा, 'चोट लगना स्वाभाविक है। आपको यह स्वीकार करना होगा। यह ठीक है और मैं इसे लेकर हाय–तौबा नहीं मचाने वाला। उतार–चढ़ाव का मुझ पर असर नहीं पड़ता क्योंकि मैं बल्लेबाजी करना नहीं भूला हूं। मेरा स्तर स्थायी है और मैं रन बनाऊंगा।'

**सिलेक्शन मेरा काम नहीं**

इस सलामी बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज उनके लिए काफी अहम होगी। इस सीरीज से रोहित शर्मा ने ब्रेक लिया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में तीनों सलामी बल्लेबाज (धवन, राहुल और रोहित) उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, 'यह महत्वपूर्ण सत्र है। मैं श्रीलंका के खिलाफ टी20 में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं लेकिन चयन सहायक स्टाफ (टीम प्रबंधन) का काम है। वे अपना काम करेंगे और मैं अपना। बड़ी पारियां खेलने को लेकर उत्सुक हूं।'

# ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि में बढोतरी, 3.5 अरब से भी ज्यादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन के आयोजकों ने साल के इस पहले ग्रैंडस्लैम की पुरस्कार राशि में 13.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब इसकी कुल इनामी राशि 7 करोड़ 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डालर (लगभग 3 अरब 50 करोड़ रुपये) कर दी गई है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष और महिला एकल विजेता को समान 41 लाख 20 हजार ऑस्ट्रेलियाई डालर की इनामी राशि मिलेगी जो कि पिछले साल की राशि से थोड़ा अधिक है लेकिन शुरुआती दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को अधिक फायदा होगा। पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ी को 90 हजार



ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 44.3 लाख) की धनराशि मिलेगी जो कि पिछले साल से 20 प्रतिशत अधिक है। दूसरे दौर में हारने वाले खिलाड़ी को पिछले साल की तुलना में 21.9 प्रतिशत अधिक यानि 1.28 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 63 लाख रुपये) की राशि मिलेगी। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिले ने कहा कि फाइनलिस्ट को छोड़कर प्रत्येक अगले दौर की इनामी राशि में 10 से अधिक प्रतिशत का बढ़ावा किया गया है। उन्होंने कहा, 'इस साल भी हमने हर साल की तरह पुरस्कार राशि में प्रत्येक दौर के हिसाब से बढ़ोतरी की तथा हमने एकल और युगल में शुरुआती दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को भी अच्छी धनराशि से पुरस्कृत करने का फैसला किया है।' टिले ने कहा, 'हम खेल के प्रत्येक स्तर पर पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी करने में विश्वास रखते हैं। हम खेल में व्यवहारिक करियर के लिए मार्ग प्रशस्त करने और खिलाड़ियों को अधिक कमाई करने में मदद करने के लिए खेल समूह के साथ काम करना जारी रखेंगे।' पिछले पांच वर्षों में पुरस्कार राशि में 61.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अन्य ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में भी ऐसा हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 20 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।

### बीसीसीआई के प्रस्तावित टूर्नामेंट पर आईसीसी सदस्यों के साथ बात करने को तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को चार देशों के प्रस्तावित टूर्नामेंट पर बीसीसीआई के साथ चर्चा की बात स्वीकार की। इस टूर्नामेंट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) को हर साल एक बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करने से रोकने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बीसीसीआई द्वारा प्रस्तावित इस वार्षिक टूर्नामेंट में तीन बड़े देशों (बिग थ्री)– भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया– के अलावा एक और टीम हिस्सा लेगी। वेबसाइट 'क्रिकइंफो' को दिए बयान में ईसीबी ने कहा, 'हम क्रिकेट खेलने वाले अन्य बड़े देशों के अधिकारियों से नियमित रूप से मिलते हैं जिससे कि हमने जो सीखा है उसे साझा किया जा सके और हमारे खेल को प्रभावित करने वाले विषयों पर चर्चा की जा सके।' बयान के अनुसार, 'दिसंबर में बीसीसीआई के साथ हुई बैठक में चार देशों के टूर्नामेंट का मुद्दा उठा था और हमने आईसीसी के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा का विकल्प खुला रखा है जिससे कि देखा जा सके कि इस कल्पना को साकार किया जा सकता है या नहीं।' इस प्रस्तावित टूर्नामेंट की मेजबानी 2021 से बिग थ्री एक–एक करके करेंगे। इसे लेकर हालांकि मत विभाजित हैं। इस टूर्नामेंट से इसमें हिस्सा लेने वाले बोर्ड के राजस्व में इजाफे की उम्मीद है।

## न्यूज डायरी



### स्पेनिश लीग के फिर अध्यक्ष बने जेवियर तेबास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। जेवियर तेबास को दोबारा स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा का अध्यक्ष चुना गया है। वह अगले चार साल तक इस पद पर रहेंगे। तेबास ने पिछले साल दिसंबर में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन बाद में कहा था कि वह इस पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। सोमवार को उनके अध्यक्ष बनने की घोषणा की गई। वह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। लीग ने आधिकारिक बयान में कहा, 'ला लीगा के अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक ही नाम आया और यह नाम सही तरीके से सामने आया इसलिए जेवियर तेबास को अगले चार साल के लिए चुना गया, वह भी बिना अतिरिक्त आम सभा के लिए।' 57 साल के तेबास 2013 से इस पर पद पर काबिज हैं। उन्होंने जोस लुइस अस्टियाजारान का स्थान लिया था।

### मनु और अनीश ने राष्ट्रीय चौंपियनशिप में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भोपाल। राष्ट्रमंडल खेलों के चौंपियन मनु भाकर और अनीश भानवाला ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चौंपियनशिप की क्रमशरू महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में सीनियर और जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहीं 17 साल की मनु मंगलवार को 4 गोल्ड मेडल (सीनियर और जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत तथा टीम स्पर्धा में) जीते। वह प्रतियोगिता में पहले ही 2 गोल्ड मेडल जीत चुकी थीं। उन्होंने खिताबी जीत के दौरान राष्ट्रीय क्वॉलिफिकेशन रेकॉर्ड की बराबरी भी की। मनु के राज्य के साथी 17 साल के अनीश ने भी सीनियर और जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में गोल्ड जीतकर दबदबा बनाया। भारत के लिए तोक्यो ओलिंपिक के 15 कोटे में से एक हासिल करने वाली मनु ने क्वॉलिफिकेशन में 588 अंक के साथ साउथ एशियन गेम्स में अनु राज सिंह के राष्ट्रीय रेकॉर्ड की बराबरी की।

### आकलैंड में जोड़ी बनाकर खेलेंगी सेरेना और वोजनियाकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आकलैंड। सेरेना विलियम्स और कारोलिन वोजनियाकी पिछले लंबे समय से बहुत अच्छी सहेलियां हैं लेकिन अब टेनिस कोर्ट पर भी वे साथ में खेलती हुई दिखेंगी। इन दोनों स्टार ने छह जनवरी से आकलैंड में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीए टूर एएसबी क्लासिक में पहली बार युगल में जोड़ी बनाकर खेलने का फैसला किया है। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वोजनियाकी ने 2015 के बाद हर साल आकलैंड में अपने सत्र की शुरुआत की और इस बार भी उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद संन्यास लेने से पहले इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में खेलने का फैसला किया। वोजनियाकी ने 2018 में आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था लेकिन इसके तुरंत बाद इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को पता चला कि वह संधिवात गठिया (रूमटॉइड आर्थ्राइटिस) से पीड़ित हैं। वह अगले महीने मेलबर्न में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी।

### चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन अभ्यास टूर्नामेंट से हटी आंद्रीस्कू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। यूएस ओपन चौंपियन बियांका आंद्रीस्कू घुटने की चोट के कारण मंगलवार को आस्ट्रेलियाई ओपन के अभ्यास टूर्नामेंट आकलैंड डब्ल्यूटीए टेनिस क्लासिक से हट गयी। इस साल विश्व रैंकिंग में 152 से पांचवीं रैंकिंग पर पहुंचने वाली कनाडा की 19 वर्षीय किशोरी को आकलैंड में शीर्ष वरीयता दी गयी थी। लेकिन आयोजकों ने संक्षिप्त बयान में कहा कि वह घुटने की चोट के कारण बाहर हो गयी है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह आस्ट्रेलियाई ओपन में खेल पाएंगी या नहीं। आंद्रीस्कू ने इस साल तीन प्रतिष्ठित टूर्नामेंट इंडियन वेल्स, टोरंटो और यूएस ओपन के खिताब जीते थे। इसके बाद हालांकि चोट के कारण वह सत्र की आखिरी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पायी थी। वह लगभग सात सप्ताह तक बाहर रही।